श्रीमान अशोक गहलोत,
माननीय मुख्यमंत्री,
राजस्थान सरकार, जयपुर

<u>ज्ञापन</u>

अनुसूचित जाति, जनजाति आरक्षण मंच, राजस्थान द्वारा 25 सितम्बर 2011 को उद्योग मैदान, स्टेच्यू सर्किल, जयपुर में प्रातः 10.00 बजे से 7.00 बजे तक सामुहिक उपवास श्री जे.पी. विमल के नेतृत्व में किया। जिसमें अनुसूचित जाति, जन जाति के लोगों ने भारी संख्या में भाग लिया। उपवास कार्यक्रम के दौरान अनुसूचित जाति, जन जाति वर्ग ने इस बात पर गहरी चिन्ता जाहिर कि, जब से आरक्षण व्यवस्था लागू हुई है तब से ही इसे उच्च वर्गो के लोगों द्वारा मानवीय न्यायालय में चुनौती देकर आरक्षण को समाप्त करने की साजिश की जा रही है। सरकार का यह दायित्व है कि वह आरक्षित वर्ग को समाज की मुख्य धारा में लाने व आरक्षण को बचाए रखने के लिए कार्य करे लेकिन यह देखा गया है कि सरकार अपने दायितव का निवर्हन नही करती है तथा बार–बार अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग को आरक्षण को बचाने के लिए संघर्ष करना पडता है।

संविधान की रक्षा एवं आरक्षण बचाने हेतु सामुहिक उपवास कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विशाल जन समूह में निम्नलिखित मांगो का ज्ञापन माननीय महोदय को देने का प्रस्ताव पारित किया हैः–

1 अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग को पदौन्नति में आरक्षण बरकरार रखने व पदौन्नति की तिथि से वरिष्ठता का निर्धारण दिनांक 17.06.1995 से प्रभावी करते हुए तत्काल नियम बनाया जाये।

2 वर्तमान आबादी के अनुपात में अनुसूचित जाति, जनजाति का नौकरियों में आरक्षण बढ़ाकर क्रमशः 17 प्रतिशत व 13 प्रतिशत किया जाये। अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग को पूर्व की भाँति सामान्य वर्ग की वरिष्ठता में आने वाले कर्मियों को पदौन्नति का लाभ दिया जावें।

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

अनुसूचित जाति, जनजाति आरक्षण मंच, राजस्थान द्वारा दिनांक 24.09.2011 को जे.पी. विमल, आशा राम मीना, डा. राकेश कुमार, राजपाल मीणा एवं जे.के.महरडा ने आरक्षित वर्ग के कर्मचारी/अधिकारियों से घर–घर जाकर सम्पर्क किय और आरक्षित वर्ग का इस उपवास में सपरिवार पधारने हेतु घर–घर पीले चावल दिये।

सभी घरवालों ने मंच के पदाधिकारियों का स्वागत किया व इस उपवास में आने का आश्वासन दिया मंच के अध्यक्ष जे.पी. विमल एवं महासचिव आशाराम मीना ने सम्पर्क कार्यक्रम के दौरान सभी से निवेदन किया है कि जो आरक्षण बाबा साहब ने अकेले संघर्ष करके समाज को दिया है उसको तथाकथित लोग छीनने का प्रयास कर रहे है इसमें किसी भी प्रकार की छोडछाड कर दी तो आने वाली पीढ़ी आपको कभी भी माफ नही करेगी।

मच के पदाधिकारियों ने महेश नगर, 80फीट रोड, मानसरोवर, मालवीय नगर, जगतपुरा, अम्बेडकर नगर, अम्बेडकर कालोनी, बस्सी एवं चाकसू में जाकर उपवास कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पधार कर सफल बनाने की अपील की।

सादर सहित।

श्रीमान सम्पादक महोदय,
————————————

ई. आशा राम मीना
महासचिव

प्रेस विज्ञप्ति

अनुसूचित जाति, जनजाति आरक्षण मंच, राजस्थान द्वारा दिनांक 24.09.2011 को जे.पी. विमल, आशा राम मीना, डा. राकेश कुमार, राजपाल मीणा एवं जे.के.महरडा ने आरक्षित वर्ग के कर्मचारी/अधिकारियों से घर–घर जाकर सम्पर्क किय और आरक्षित वर्ग का इस उपवास में सपरिवार पधारने हेतु घर–घर पीले चावल दिये। यह कार्यक्रम दिनांक 25. 09.2011 को प्रातः 10.00 बजे से सांय 7.00 बजे तक उद्योग मैदान, स्टेच्यू सर्किल, जयपुर में होगा।

सभी घरवालों ने मंच के पदाधिकारियों का स्वागत किया व इस उपवास में आने का आश्वासन दिया मंच के अध्यक्ष जे.पी. विमल एवं महासचिव आशाराम मीना ने सम्पर्क कार्यक्रम के दौरान सभी से निवेदन किया है कि जो आरक्षण बाबा साहब ने अकेले संघर्ष करके समाज को दिया है उसको तथाकथित लोग छीनने का प्रयास कर रहे है इसमें किसी भी प्रकार की छोडछाड कर दी तो आने वाली पीढ़ी आपको कभी भी माफ नही करेगी।

मच के पदाधिकारियों ने महेश नगर, 80 फीट रोड, मानसरोवर, मालवीय नगर, जगतपुरा, अम्बेडकर नगर, अम्बेडकर कालोनी, बस्सी एवं चाकसू में जाकर उपवास कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पधार कर सफल बनाने की अपील की।

सादर सहित।

ई. आशा राम मीना
महासचिव

श्रीमान सम्पादक महोदय से निवेदन है कि इस सामूहिक उपवास कार्यक्रम में दोपहर 1.00 बजे न्यूज कवरेज हेतु मय फोटोग्राफर पहुंचकर अनुग्रहीत करें।

ई. आशा राम मीना
महासचिव